Title: Need to clear hurdles relating to forest land coming in the way of building roads under the 'Pradhan Mantri Gram Sarak Yojana'.

**श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, केन्द्र सरकार द्वारा जो प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना कार्यक्रम चलाया जा रहा है, उसमें वन विभाग की जो जगह पड़ रही है, उसकी वजह से कहीं 100 मीटर, कहीं 200 मीटर, कहीं 500 मीटर और कहीं 1 किलोमीटर सड़क बनने से रोक दी गई है। मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सभी प्रदेशों में इस प्रकार का निर्देश केन्द्र सरकार की ओर से दिया जाए कि इस कार्यक्रम के अन्तर्गत जितनी भी सड़कें ग्रामीण क्षेत्रों की वन विभाग की जमीनों पर निर्माणाधीन हैं, उन्हें बनने दिया जाए। उन्हें वन भूमि होने के कारण न रोका जाए जिससे ग्रामीण क्षेत्रों हेतु पक्की सड़कें बन सकें और ग्रामीण इलाके के लोगों को सुविधा मिल सके।